मानकुंवर बाई कॉलेज में खेल मनोविज्ञान पर चर्चा

पत्रिका – 8/9/2026 पेज नं. 04

पढ़ाई के साथ खेलों में कॅरियर, मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच और पहचान

पत्रिका p'us रिपोर्टर
patrika.com

जबलपुर. मानकुंवर बाई कॉलेज में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर शारीरिक शिक्षण विभाग एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में खेल मनोविज्ञान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. स्मृति शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कानपुर (उत्तर प्रदेश) के वीएएसडी कॉलेज के सह-प्राध्यापक डॉ. अमिताभ तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। वहीं पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. ज्योति जाट मुख्य अतिथि और प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मनोज प्रियदर्शन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।



पत्रिका – 8/9/2026 पेज नं. 04

पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ें छात्राएं

मुख्य वक्ता डॉ. अमिताभ तिवारी ने पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे छात्राओं में खेल भावना जागृत होती है और वे अपने परिवार के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन कर सकती हैं। इस दौरान कॉलेज की संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों को विशेष ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन खेल अधिकारी डॉ. नेहा तिवारी ने सफल संचालन किया, जबकि आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी डॉ. स्वाति इन्दुरख्या ने किया। इस दौरान डॉ. नोमलदास, डॉ. मो. आरिफ बड़ी संख्या में छात्राएं, खिलाड़ी उपस्थित रहीं।

Scanned by CamScanner